# कभी वीर बनके महावीर बनके

कभी वीर बनके महावीर बनके, चले आना दरश मोहे दे जाना (२)

तुम ऋषभ रूपमें आना (२), तुम अजित रूपमें आना (२)

संभवनाथ बनके, अभिनन्दन बनके, चले आना दरश मोहे दे जाना

कभी वीर बनके महावीर बनके, चले आना दरश मोहे दे जाना

सुमतिनाथ रूपमें आना (२), पद्मप्रभ रूपमें आना (२)

सुपार्श्वनाथ बनके, चन्द्रप्रभ बनके, चले आना दरश मोहे दे जाना

कभी वीर बनके महावीर बनके, चले आना दरश मोहे दे जाना

पुष्पदंत रूपमें आना (२), शीतलनाथ रूपमें आना (२)

श्रेयांसनाथ बनके, वासुपूज्य बनके, चले आना दरश मोहे दे जाना

कभी वीर बनके महावीर बनके, चले आना दरश मोहे दे जाना

तुम विमल रूपमें आना (२), तुम अनंत रूपमें आना (२)

धर्मनाथ बनके, शांतिनाथ बनके, चले आना दरश मोहे दे जाना

कभी वीर बनके महावीर बनके, चले आना दरश मोहे दे जाना

कुंथुनाथ रूपमें आना (२), तुम अरह रूपमें आना (२)

मल्लीनाथ बनके, मुनिसुव्रत बनके, चले आना दरश मोहे दे जाना

कभी वीर बनके महावीर बनके, चले आना दरश मोहे दे जाना

नमीनाथ रूपमें आना (२), नेमिनाथ रूपमें आना (२)

पार्श्वनाथ बनके, वर्धमान बनके, चले आना दरश मोहे दे जाना

कभी वीर बनके महावीर बनके, चले आना दरश मोहे दे जाना (५)

2016-08-09

https://www.youtube.com/watch?v=aa_JX56KPCA